

## कन्या आश्रम में जागृति शिविर का आयोजन




**पानसेमल।** शासकीय कन्या आश्रम टाकली में रविवार को शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें खेतिया व्यवहार न्यायाधीश नीलाम खटाना ने कहा कि माता-पिता एवं गुरुजनों का हमेशा सम्मान करे, जो सदैव आपका भला करते हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जागृति शिविर में बताया कि बालिकाओं को वर्तमान समय में केसे सतर्क रहना चाहिए। साथ ही किसी भी तरह की समस्याओं से हम कैस बचा जा सकता है। बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, साइबर अपराध को लेकर भी विस्तार से समझाया। साथ ही जीवन में आने वाली कठिनाईयों के बारे में जानकारी दी। पीएलवी पिंटू भोंसले, बसंत पाड़वी मौजूद रहे। भारती वर्मा ने आभार माना।

## पुलिस एवं डायल-112 की त्वरित कार्रवाई

**निवाली।** पुलिस एवं डायल-112 ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग बच्चों को परिजनों से मिलाया। पुलिस ने बताया कि डायल-112 वाहन पर 29 नवम्बर को सूचना मिली कि सेंधवा रोड़ बड़गांव फाटे पर करीब 7 से 10 वर्ष की उम्र के दो बच्चे घुमते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिस पर पुलिस टीम बड़गांव फाटा पहुंची, जहां नाबालिग बालक/बालिका मिले, जो नाम व पता बताने में असमर्थ थे। बच्चों के परिजनों की तलाश के लिए बच्चों के फोटोग्राफ लेकर पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किए तथा कस्बा निवाली और आसपास ग्रामों में पुछताछ की। इस दौरान सूचना मिली कि बच्चे ग्राम गुमडिया बुजुर्ग निवासी हैं। सूचना की पुष्टि के लिए थाना प्रभारी आरके लौवंशी ने परिजनों से संपर्क कराया। तस्दीक में नाबालिगों के काका नीलेश पिता शोभाराम निवासी गुमडिया बुजुर्ग थाना पहुंचे। जिन्होंने बताया कि उनके भतीजे बालक गोविंद पिता दिनेश उम्र 7 वर्ष और बालिका राहबाई पिता दिनेश उम्र 10 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। टीम द्वारा बच्चों को थाने लाया गया और रात लगभग 10 बजे विधिवत दस्तावेजी कार्रवाई के बाद उनके काका नीलेश पिता शोभाराम के सुपुर्द किया।

## वैश्य महासम्मेलन मप्र बड़वानी ने दिया ज्ञापन




**बड़वानी।** वैश्य महासम्मेलन मप्र जिला बड़वानी के पदाधिकारी ने एसपी निवास पहुंच एक ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि सह मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता पिता सतानन्द गुप्ता सिलावद पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन करते हैं। 28 एवं 29 नवम्बर को सनराईज स्कूल के डायरेक्टर सुनिल प्रजापत ने फोन कर संजय गुप्ता को गाली-गलोच कर जान से मारने की धमकी दी। समाज इसका विरोध व घोर निंदा करता है। उक्त कृत्य करने वाले पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाए। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष ओम प्रकाश खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष जितेंद्र जैन, महिला इकाई जिलाध्यक्ष गायत्री गुप्ता, जिला महामंत्री हेमंत अग्रवाल, तहसील प्रभारी सुरेश अग्रवाल, तहसील उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, तहसील कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

## एयरटेल एमडी का अलर्ट

इंदौर. डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं. हर रोज कोई न कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं. ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा. इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है. जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा. एयरटेल के वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्ठल ने अपने ग्राहकों को डिजिटल फ्रॉड से सजग रहने की अपील करते हुए एक चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा कि डिजिटल ठगी आजकल फर्जी पार्सल डिलीवरी, पुरस्कार जीतने के नाम पर लिंक भेजने तथा डिजिटल गिरफ्तारी के डर जैसी नई-नई तरकीबों के सहारे बढ़ रही है.

## एक्शन टेसा ने नई कैटेगरी का निर्माण किया

इंदौर. एक्शन टेसा के आगमन से पहले इंजीनियर्ड वुड उद्योग मेंन दिशा थी, न ही पर्याप्त विश्वसनीयता. उपभोक्ता अनिश्चित थे, कारपेंटरों में झिझक थी, और बाजार लगभग स्थिर था. ऐसे समय में एक्शन टेसा ने पूरी सोच बदल दी- एक नई कैटेगरी का निर्माण किया और भारत में इंजीनियर्ड वुड को देखने का दृष्टिकोण ही बदलडाला. मात्र 15 वर्षों में ब्रांड नवाचार, भरोसे और परिवर्तन का पर्याय बनकर उभरा है- एकऐसा नाम जिसने संभावनाओं को वास्तविकता में बदल दिया और पूरे देश में एक सशक्तआंदोलन खड़ा किया. ब्रांड ने बाजार को शिक्षित किया, अलग तरीके से संवाद किया और देशभर के कारपेंटरों कोआधुनिक तकनीकों के साथ सशक्त बनाया.

## नथिंग ने फोन (3ए) लाइट किया लॉन्च

इंदौर. लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने आज भारत में फोन (3ए) लाइट लॉन्च किया है, जिसमें क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ नया ब्लू कलर वेरिएंट भी शामिल है. यह डिवाइस नथिंग के सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिज़ाइन, 6.77-इंच अमोल्ड डिस्प्ले, 50 एमपी मेन कैमरा, मीडियाटेक डाइमेंटिसिटी 7300 प्रो चिपसेट और 5000 एमएएच बैटरी के साथ आता है. फोन की कीमत 20,999 से शुरू होती है, जो बैंक ऑफर के बाद 8जीबी + 128जीबी वेरिएंट के लिए 19,999 हो जाती है. बिक्री 5 दिसंबर से आनलाइन और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी.

## हिमालया बेबीकेयर के नए कैंपेन की शुरूआत

इंदौर. ब्रांड ने एक मनोरंजक अभियान शुरू किया है जिसमें बच्चे माँ और डॉक्टर को अपना सबसे बड़ा इंफ्लुएंसर बताते हैं जिसने ब्रांड को भारत के सबसे प्रिय बेबीकेयर ब्रांड के रूप में पुन: स्थापित किया हिमालया बेबीकेयर ने लव्ड बाई बेबीज ब्रांड के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति का जश्न मनाते एक नए दिल को छूने वाले कैंपेन की शुरुआत की है, जिसमें शिशुओं को कहानी के केंद्र में रखा गया है. कैंपेन पर हिमालया वेलनेस कंपनी के बिजनेस डायरेक्टर राजेश कृष्णमूर्ति ने कहा हिमालया बेबीकेयर में हमारी यात्रा सदैव इस विश्वास से प्रेरित रही है कि शिशु सबसे पहले हैं. यह कैंपेन उस भावना को खूबसूरती से व्यक्त करता है, क्योंकि यह उन लोगों को आवाज देता है जिनकी हम सबसे अधिक परवाह करते हैं यानी शिशु.

# जिले में प्रयोगशाला नहीं, इंदौर-भोपाल भेजे जाते हैं सैंपल

### रिपोर्ट आने तक खेतों में हो जाता है नुकसान, जांच रिपोर्ट लंबित, किसान संकट में, नकली खाद बीज में फसल पर खतरा

**बड़वानी, (नवभारत)।**

रबी सीजन की बोवनी चरम पर है, लेकिन जिले के किसान एक बार फिर खाद और बीज की गुणवत्ता को लेकर असमंजस में हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी कृषि विभाग द्वारा एकत्रित खाद-बीज नमूनों की रिपोर्ट समय पर न मिलने से किसानों में चिंता बढ़ गई है। विभाग द्वारा नमूने तो ले लिए जाते हैं, लेकिन रिपोर्ट आने में एक से दो महीना लग जाता है। किसान फसल बो चुके होते हैं और यदि सैंपल अमानक पाए जाएं, तो इसका सीधा नुकसान किसानों की मेहनत एवं लागत पर पड़ता है। रबी सीजन की 50 प्रतिशत से अधिक बोवनी हो चुकी है, लेकिन 25 प्रतिशत रिपोर्ट प्राप्त हुई। जबकि 75 प्रतिशत से अधिक रिपोर्ट आना बाकी है।

भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री कमलसिंह तोमर ने बताया कि जिले में कुछ कंपनी के अमानक मक्का बीज के मामले आए थे। वहीं चना किसान अपने घर का बीज उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं का बीज चाहे किसी कंपनी का हो, वह उग तो जाता है, लेकिन उसकी असल गुणवत्ता बाली आने पर ही समझ आती है। तब पता चलता है कि दाना छोटा या हल्का है और बीज मानक के अनुरूप नहीं है।





### लैब नहीं होने से रिपोर्ट में देरी तय

जिले में खाद और बीज के नमूने जांचने के लिए प्रयोगशाला नहीं है। इसके कारण नमूने इंदौर, उज्जैन, भोपाल, सागर, ग्वालियर और जबलपुर की लैब में भेजे जाते हैं। जिला स्तर पर लैब न होने से रिपोर्ट आने में एक से दो महीने लग जाते हैं।

इस बीच किसान की फसल अंकुरित हो चुकी होती हैं और यदि नमूने अमानक निकलते हैं, तो सुधार की कोई गुंजाईश नहीं बचती। किसान वर्षों से यही समस्या झेल रहे हैं। किसानों का कहना है कि मानक खाद-बीज मिल जाए, ये उनकी किस्मत पर निर्भर है। यदि किसी सैंपल में खराबी पाई गई, तो नुकसान किसान को ही उठाना पड़ता है।

**फैक्ट फाइल -**

रबी बोवनी - 50 प्रतिशत से अधिक
खाद नमूने - 116ए प्राप्त रिपोर्ट - 36
बीज नमूने - 265, प्राप्त रिपोर्ट - 48
रिपोर्ट - बीज के 5 नमूने अमानक, 3 पर लाइसेंस निलंबन एवं 2 को चेतावनी नोटिस
एफआइआर - खरीफ में बीज के 17 नमूने अमानक, 12 लाइसेंस निरस्त, 1 पर एफआइआर

जिले में अमानक खाद-बीज विक्रय रोकने के लिए टीम गठित कर निरीक्षण किया जा रहा है। रबी सीजन में जिला स्तरीय टीम ने बीज के 116 सैंपल लिए। 36 की रिपोर्ट मिली है, जिसमें एक सैंपल अमानक पाया गया है। संबंधित विक्रेताओं पर लाइसेंस निलंबन, निरस्तीकरण और नोटिस जारी की कार्रवाई की गई है। इस वर्ष खरीफ सीजन में अवैध बीज भंडारण के मामले में पाटी थाना क्षेत्र में दो लोगों पर एफआइआर दर्ज कराई थी।
- कैलाश वास्केल, जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी बड़वानी

### कृषि विभाग की कार्रवाई

विभाग के अनुसार खरीफ सीजन में टीम बनाकर निरीक्षण किया गया था। पाटी जनपद क्षेत्र में नकली बीज के अवैध भंडारण की सूचना पर टीम ने छापामार कार्रवाई की थी। इसमें आरोपी फुंदालाल पिता लालूनाथ भाटी और उनके साथी अनोखीनाथ पंवार दोनों निवासी हिंगोरिया छोटा जिला मंदसौर के पास अवैध बाजरा बीज भंडारण मिला था। इस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर पुलिस थाना पाटी में दर्ज की गई।

### रिपोर्ट आने तक खेतों में हो जाता नुकसान

जांच रिपोर्ट लंबित, किसान संकट में नकली खाद-बीज से फसल पर खतरा जांच में देरी, किसानों को नुकसान की आशंका

कृषि वभाग ने रबी सीजन के लिए खाद के 116 नमूने लिए हैं, जिनमें से मात्र 36 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। वहीं बीज के 220 नमूने जांच के लिए भेजे गए, लेकिन अभी तक केवल 48 नमूनों की रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट में 43 नमूने मानक, जबकि 5 अमानक पाए गए। इनमें बीज का एक सैंपल सहकारी संस्था एवं 4 सैंपल निजी विक्रेताओं के शामिल हैं। अमानक पाए जाने पर इन सभी पर विक्रय प्रतिबंध लगाया है।

साथ ही 3 दुकानों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है। एक दुकान और एक सोसायटी को नोटिस जारी किया है। जिले में इस वर्ष बीज नमूना जांच का लक्ष्य 308 तय किया गया है। जिनमें से 265 नमूने लिए जा चुके और 220 नमूने लैब भेजे गए हैं, लेकिन रिपोर्टों में लगातार देरी से किसान दुविधा में हैं और गुणवत्ता को लेकर विश्वास की कमी महसूस कर रहे हैं।

**चरम पर है बोवनी**

- जिले में रबी सीजन की बोवनी इन दिनों चरम पर हैं।
- खाद और बीज की गुणवत्ता को लेकर असमंजस में किसान।

## 95 मतदान केंद्रों पर एसआईआर का कार्य पूरा

**पानसेमल, (नवभारत)।**

जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में एसआईआर कार्य किया जा रहा है। पानसेमल अनुभाग के तहत 144 मतदान केंद्र शामिल है। बीएलओ परिवारों के सदस्यों से जानकारी एकत्रित कर डाटा ऑनलाईन कर रहे हैं। तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने बताया कि अभी तक 95 मतदान केंद्रों पर एसआईआर का कार्य शतप्रतिशत हो चुका है। शिक्षा विभाग राजस्व विभाग व नगरीय निकायों के अधिकारी व कर्मचारी इस कार्य में जुटे हैं। एसडीएम रमेश सिसोदिया, नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे, प्रज्ञा पाटीदार व कर्मचारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग करते हुए शेष मतदान केंद्रों पर भी एसआईआर कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

## नीलामी भाव में हेरा फेरी, नियम उल्लंघन पर लाइसेंस होगा रद्द

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 01 दिसम्बर**

कृषि उपज मंडी में किसानों से मक्का खरीदी के दौरान नीलामी भाव में अंतर, नमी के आधार पर मनमानी कटौती और हम्माली-तुलाई के नाम पर अवैध वसूली की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। जिन्हें गंभीरता से लेते हुए मंडी सचिव ने शहर के सभी अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यापारी का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

### निजी मीटर से दोबारा नमी जांच पर रोक

मंडी सचिव ने बताया कि नीलामी के दौरान उपज की नमी मंडी के मॉयश्चर मीटर से दर्शाने के बाद ही खरीदी की जाती है। इसके बावजूद कई व्यापारी उपज को अपने प्रतिष्ठान पर ले जाकर निजी मीटर से दोबारा नमी की जांच करते हैं और भाव में मनचाहा अंतर कर देते हैं। इससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता व यह मंडी लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन है।

### अवैध कटौती पर किसानों की शिकायतें

सचिव के अनुसार, किसानों ने हम्माली और तुलाई के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें भी दर्ज कराई हैं। किसानों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त कटौती अवैधानिक है। साथ ही यह भी सामने आया है कि आसपास की मंडियों की तुलना में सेंधवा में मक्का और कपास के भाव काफी कम पाए गए, जिससे संदेह की स्थिति बनी हुई है।

### दुरूपयोग पर चेतावनी

मंडी सचिव ने बताया कि कई व्यापारी नीलामी में भाग नहीं लेते और अपने प्रतिष्ठान पर सीधे उपज की खरीदी कर रहे हैं। बाद में इसे सौदा पत्रक से खरीदी बताकर प्रस्तुत किया जाता है, जो मंडी अधिनियम का गंभीर उल्लंघन है। निरीक्षण में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

## सराफा में अवैध बांग्लादेशी कारीगरों की पहचान पर महापौर सख्त

- दस्तावेज़हीन मजदूरों को काम न दें व्यापारी-भार्गव

इंदौर. **सराफा बाजार में काम कर रहे संदिग्ध व अवैध विदेशी कारीगरों पर अब सख्ती की तैयारी है. ज्वैलरी उद्योग की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को सराफा व्यापारियों एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि बिना वैध दस्तावेज वाले बांग्लादेशी मजदूरों को न रखा जाए और न ही उनसे काम कराया जाए, यह सुनिश्चित करना आपका काम है.**

महापौर ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन) प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी कारीगर वोटर लिस्ट में दर्ज वैध भारतीय नागरिक हो।ओर ऐसा नहीं है तो उनसे काम न करवाना ओर डिपोर्ट करना हमारी जिम्मेदारी है,उन्होंने कहा कि कुछ लोग बांग्लादेश से इंदौर में आकर बिना किसी पहचान-पत्र के सोने-चांदी के आभूषण निर्माण में लगे हुए हैं.



**गैरकानूनी रूप से काम नहीं चल पाएगा**-भार्गव ने कहा कि जिन कारीगरों के पास कोई दस्तावेज नहीं, उन्हें भी अब पता है कि इंदौर में ग़ैरक़ानूनी रूप से काम नहीं चल पाएगा. व्यापारी उन्हें पहले ही स्पष्ट कर दें कि पहचान पत्र के बिना अब नौकरी नहीं

**सराफा चौपाटी व्यापारियों के साथ भेदभाव : चौकसे**

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कल सराफा चौपाटी की जारी सूची को लेकर भेदभाव करने आरोप लगाया है. चौकसे ने कहा कि कई दुकानदारों के नाम सूची में ऐसे है कि जो मिठाई का व्यापार नहीं करते हैं. निगम और जांच कमेटी ने 40 दुकानों की बात की थी. अब 69 की सूची जारी की है, जिसमे चाइनीज फूड, कोकोनट क्रश, आलू पराठे और बर्फ के लड्डू वालों के नाम है. वहीं एक प्रकाश कुल्फी को दो दुकान, भाजपा नेता कैलाश शर्मा के रिश्तेदार की पराठा दुकान और नेमा कुल्फी की पक्की दुकान के बाद भी स्टॉल में नाम शामिल है. सराफा में सिर्फ परंपरा गत 40- 45 दुकानें ही थी, उन्हीं को स्टॉल लगाने की इजाजत देना चाहिए.

**पहचान सत्यापन रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराएं**

महापौर ने कहा कि जो सराफा का कारीगर वैध नागरिक नहीं हैं, उनका डिटेक्शन, नाम डिलीट और आगे की प्रक्रिया में डिपोर्टेशन सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि बिना पहचान वाले ऐसे व्यक्तियों का इंदौर में रहना व कार्य करना सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह है. सराफा व्यापारिक संगठनों की ज़िम्मेदारी है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत कारीगरों की पूरी पहचान सत्यापन रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराएँ.

## इंदौर विकास प्राधिकरण में भी होगी जनसुनवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर विकास प्राधिकरण में भी अब जनसुनवाई होगी. मंगलवार आईडीए सीईओ स्वयं जनसुनवाई में मौजूद रहेंगे. खास बात यह है कि पिछले 15 सालों में पहली बार आईडीए जनसुनवाई का हिस्सा बनेगा.

अभी तक आम जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर सरकारी विभाग पुलिस, प्रशासन, नगर निगम में जनसुनवाई होती है. यह शिवराज सरकार के समय शुरू की गई थी. यह बात अलग है कि जनसुनवाई में समस्याओं का उतना निराकरण नहीं होता है, जितने आवेदन आते है. इसी तर्ज पर प्राधिकरण की विभिन्न शाखाओं में जन समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसुनवाई करने का निर्णय लिया गया है. आगामी मंगलवार 2 दिसंबर से जनसुनवाई शुरू हो रही है. आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े ने बताया कि जनसुनवाई अवकाश को छोड़कर प्रात: 11 बजे से होगी. प्राधिकरण से संबंधित जन समस्याओं के लिए नागरिक आते हैं और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण भी किया जाता है. जनसुनवाई से समस्याओं का जल्दी निराकरण किया जा सकेगा. उन्होंने कहा कि आईडीए का लीज धारक या भूधारक एवं अन्य कोई समस्या हो तो प्राधिकरण जनसुनवाई में आकर अपनी समस्याओं के निराकरण का आवेदन दे सकता है.




## फर्टिलिटी और पैरेंटहुड पर बातचीत का आयोजन

**इंदौर.** मदरहुड हॉस्पिटल्स, मैकेनिक नगर ने डॉ. आशा बक्षी फर्टिलिटी सेंटर के सहयोग से 'चाय पर चर्चा' नामक एक विशेष बातचीत का आयोजन किया. इस बातचीत का उद्देश्य फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के बारे में जागरुकता बढ़ाना, इससे जुड़ी झिझक को कम करना तथा इसके बारे में विश्वसनीय मागदर्शन प्रदान करना था. सत्र में 50 से अधिक जोड़ों ने हिस्सा लिया.

यहाँ पर एक सुरक्षित, आरामदायक और जानकारीवर्धक वातावरण में इन्फर्टिलिटी, आईवीएफ ट्रीटमेंट और पैरेंटहुड के भावनात्मक सफर के बारे में खुलकर बातचीत की गई. इस विशेष बातचीत में मदरहुड हॉस्पिटल्स, मैकेनिक नगर, इंदौर की मुख्य कंसल्टैंट एवं सीनियर फर्टिलिटी एक्सपर्ट, डॉ. आशा बक्षी ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने फर्टिलिटी और असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजीज़ (एआरटी) के बारे में लोगों की शंकाओं का समाधान किया, उनके सवालों के जवाब दिए और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया.

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल में स्पिरिचुअल जैमिंग सेशन्स

**इंदौर. समुदाय-केंद्रित और आकर्षक आयोजनों के लिए पहचाने जाने वाले नेक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल ने हाल ही में आगंतुकों को एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया. मॉल में राधा-कृष्ण को समर्पित दो अनोखे स्पिरिचुअल जैमिंग सेशन्स आयोजित किए गए, जिनका आयोजन 27 और 29 नवंबर को हुआ.** दोनों सत्रों में मिलाकर 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम में लाइव भजन, मंत्र-जाप और तालबद्ध संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला. पारंपरिक आध्यात्मिक सुरों और आधुनिक संगीत अभिव्यक्ति के मेल ने ऐसा दिव्य वातावरण निर्मित किया, जिसमें आगंतुक शांत, भावनात्मक और संगीत के माध्यम से भक्ति से जुड़ा हुआ महसूस कर सके. यह आयोजन मॉल की उस पहल का हिस्सा था जिसके तहत सांस्कृतिक भागीदारी और समुदाय के बीच जुड़ाव को बढ़ावा दिया जा रहा है.

## एमपी मेट्रो प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण

- शेष कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में निर्माणाधीन मेट्रो रेल योजना के बचे कार्यों को लेकर प्रबंध संचालक ने दौरा किया. दौरे में उन्होंने मेट्रो अधिकारियों को प्राथमिक कॉरिडोर के स्टेशन के कार्य समय पर करने के निर्देश दिए. साथ ही अंडर ग्राउंड लाइन की विस्तार से ठेकेदार एजेंसियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की.**

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने मेट्रो परियोजना एवं गांधी नगर डिपो का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मालवीय नगर चौराहा स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-2 स्टेशन तक 11 किमी लंबा टॉली टायल किया, जिसमें स्टेशन के विकास कार्यों की जानकारी ली. इसके बाद समीक्षा बैठक में अंडरग्राउंड मेट्रो रूट की प्रगति, तकनीकी तैयारियों एवं निर्माण कार्यों की स्थिति पर चर्चा की. बैठक में एमडी चैतन्य ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि शेष कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए. उक्त निरीक्षण सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के आगे मेट्रो शुरू करने को करने को लेकर किया गया है. निरीक्षण के दौरान डायरेक्टर सिस्टम अरुण श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्रोजेक्ट अजय गुप्ता, वरिष्ठ अधिकारीगण, जनरल कंसल्टेंट टीम तथा मेट्रो निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.



## स्विगी ने सालाना रिपोर्ट हाउ इंडिया ईट्स जारी की

**इंदौर.** स्विगी ने अपनी सालाना रिपोर्ट हाउ इंडिया ईट्स का 2025 संस्करण जारी किया. यह रिपोर्ट स्विगी और कियर्नी की साझेदारी में बनाई गई है. यह फ्लैगशिप रिपोर्ट का दूसरा संस्करण है और दिखाता है कि भारतीय ग्राहकों की खाने-पीने की आदतें किस तरह बदल रही हैं. रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत का फ़ूड सर्विसेज़ मार्केट 2030 तक 125 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा. इसमें असंगठित क्षेत्र के मुकाबले संगठित क्षेत्र 2 गुणा तेज़ी से बढ़ेगा. रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए रोहित कपूर, सीईओ, स्विगी फ़ूड मार्केटप्लेस ने कहा सिर्फ एक दशक में ही यह उद्योग असमान रूप से बदल गया है. स्पीड को लेकर लोगों की उम्मीदें क्विक कॉमर्स तय कर रहा है. उदाहरण के तौर पर, हमारी 10 मिनट फ़ूड डिलीवरी सेवा 'बोल्ट' प्लेटफ़ॉर्म पर 10% से अधिक ऑर्डर दे रही है. हमारे रेस्तरां पार्टनर भी कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं.